दिनांकः 12.08.2021

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल ने वित्तीय वर्ष 21-22 की प्रथम तिमाही में 315 करोड़ की समेकित आय पोस्ट की है

कंपनी की समेकित आय में वर्ष-दर-वर्ष 21% की वृद्धि हुई है

12.08.2021 को हुई अपनी 125वीं बोर्ड मीटिंग में रेलटेल ने वित्तीय वर्ष 21-22 की प्रथम तिमाही में 315 करोड़ रुपये की समेकित आय की घोषणा की जिससे वित्तीय वर्ष 20-21 की प्रथम तिमाही में 261 करोड़ रुपये की समेकित आय की तुलना में 21 % की वृद्धि दर्ज हुई है।

इस के साथ, रेलटेल ने समेकित आधार पर वित्तीय वर्ष 2021-22 की प्रथम तिमाही के दौरान 28 करोड़ रुपए की राशि का कर पूर्व लाभ और 21 करोड़ रुपए का कर अदायगी के बाद लाभ पोस्ट किया है।

कंपनी की भावी संभावनाओं के बारे में बात करते हुए श्री पुनीत चावला, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेलटेल ने कहा, " देश में कोविड-19 की दूसरी लहर के क्रूर प्रहार के बावजूद, रेलटेल ने अपनी कार्यक्षमता को और वित्तीय वर्ष 20-21 की प्रथम तिमाही में समकक्ष अवधि की तुलना में वृद्धि को बनाए रखा है। भारत भर में हमारी खुदरा ब्रॉडबैंड सेवा- रेलवॉयर 4 लाख ग्राहकों तक पहुँच गयी है, एचडी वीडियो-कॉन्फ्रेंस, डाटा सेंटर, आईबीडब्ल्यू, वीपीएन सेवाओं में वृद्धि हमारे लिए सुखद समाचार है। अभी हमारा ध्यान रेलवे के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा और रक्षा क्षेत्रों पर है। हम ग्राहकों को आईओटी(IoT), एआई (AI) आधारित समाधान भी उपलब्ध करा रहे हैं। हम इस वर्ष भी उच्च राजस्व वृद्धि पोस्टिंग के सही मार्ग पर हैं।"

रेलटेल के बारे में

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों एवं शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्रालय में पैनलबद्ध दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल भारतीय रेलों के साथ मिलकर भारत भर में सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी कर रही है और कुल 6040 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से सज्जित हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-

sucharita@railtelindia.com